# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य के विभिन्न भागों में वज्रपात होने से दस लोगों की मौत, 12 से अधिक हुए घायल।
2. टाटानगर–चक्रधरपुर रेलखंड में मरम्मत कार्य जारी,रेलखंड पर आज यातायात बहाल होने की संभावना।
3. हजारीबाग के चौपारण में खदान धंसने से दो मजदूरों की मौत दो मजदूर घायल।
4. संतोष गंगवार आज झारखंड के नए राज्यपाल के रूप में लेंगे शपथ।
5. पेरिस ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को दो शून्य से हराकर नॉकआउट में किया क्वालीफाई, भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना लगभग तय।

********************

राज्य में वज्रपात से 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 लोग घायल हो गए हैं इनमें से 6 लोगों की हालत बेहद ही गंभीर है। सबसे अधिक 6 की मौत रांची जिले में हुई है जबकि चतरा में तीन और गुमला में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। रांची के मांडर के कैंबो गांव में धन रोपणी के दौरान वज्रपात से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। रातु और चान्हो में चार लोगों की मौत वज्रपात से हो गई है। वहीं चतरा में वज्रपात से पति–पत्नी की मौत हो गई।

********************

झारखण्ड में टाटानगर–चक्रधरपुर रेल खण्ड में मरम्मत कार्य जारी है। दुर्घटनाग्रस्त हावडा– मुम्बई मेल के डिब्बों को ट्रैक से हटाया जा रहा है। चक्रधरपुर रेलवे डिविजन के अंतर्गत पोटोबेडा गांव के निकट बाराबम्बू और खरसावां रेलवे स्टेशनों के बीच कल सवेरे हावडा–मुम्बई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर जाने के बाद से रेल यातायात ठप्प है। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि इस खण्ड पर रेल यातायात आज बहाल होने की सम्भावना है। रेल दुर्घटना के कारण कई ट्रेनों के रूट डाइवर्ट कर दिये गये है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है– भारत दुनिया के लिए विकास और स्थिरता का प्रतीक है। कल नई दिल्ली में विकसित भारत की ओर यात्रा सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने जीवनयापन सुगमता, कौशल विकास और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि 2004 में यूपीए सरकार के पहले बजट में पूंजीगत व्यय लगभग 90 हजार करोड़ रुपये था और 2014 में यह बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये हो गया। श्री मोदी ने कहा कि बजट का आकार लगातार बढ रहा है।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि सभी राज्यों के राज्यपाल सम्मेलन में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री सम्मेलन में भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, अश्विनी वैष्णपव, मनसुख मांडविया भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। नीति आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय और कैबिनेट सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के एजेंडे में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता और फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वचपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की सम्भावना है।

********************

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल गिरिडीह में अधिकारियो की लापरवाही के कारण करोड़ो रुपए खर्च होने के बाद भी धरातल पर उतर नहीं पाई है। बेंगाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत छोटकी खरगडीहा में ओझाडीह ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के निमित्त हर घर तक नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से बने पानी टंकी एक वर्ष से बनकर तैयार है लेकिन उससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी और पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख सबा अंजुम के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने आरती उतार कर विरोध जताया है।

********************

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद रहे संतोष गंगवार झारखंड के 12 वें राज्यपाल के रूप में थोड़ी देर में शपथ लेंगे। झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार को 9 बजकर 45 मिनट पर झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसएन प्रसाद राजभवन में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभाध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, सभी मंत्री और पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। राजभवन सचिवालय ने शपथ ग्रहण समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। संतोष गंगवार मंगलवार को शाम में रांची पहुंचे। राजभवन पहुंचने से पहले बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि एवं पशुपालन मंत्री दीपिका पांडे सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन ने उनका स्वागत किया।

********************

हजारीबाग के चौपारण प्रखंड अंतर्गत पंचायत डेबो के ग्राम रैंबो करमा में कल खदान धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गई। और दो मजदूर घायल हो गए। ये सभी नागेश्वर राणा के पत्थर माइन्स में दैनिक मजदूरी करते थे। दोनों हर रोज की तरह कल भी काम कर रहे थे.। उसी समय खदान के ऊपरी हिस्से से लगभग 150 फिट से पत्थर और मिट्टी गिर गया। जिससे समसुद्दीन अंसारी और मनोज भुईया ग्राम रेनबो करमा नामक दोनों व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.वहीं दो अन्य मजदूर द्वारिक सिंह और महेश भुईया घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कोडरमा रेफर किया गया।

********************

पेरिस ओलंपिक में पूल बी में अर्जेंटीना की न्यूजीलैंड पर जीत और बेल्जियम की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद भारत और बेल्जियम की हॉकी टीम ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2–0 की जीत दर्ज करके देश की तालिका में एक पदक जोड़ने की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। मंगलवार देर रात को अर्जेंटीना की ओर से न्यूजीलैंड पर 2–0 की जीत दर्ज करने के बाद भारत का क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित हो गया।

********************

खूंटी के कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने कल लोककसभा में खूंटी बाइपास का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। वर्षों से बाईपास सड़क का निर्माण यहां जनता की प्रमुख मांग है। उन्होंने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने आग्रह सदन में किया। उन्होंने कहा कि इससे खूंटी की जनता को जाम से राहत मिलेगी। सदन को उन्होंने बताया कि खूंटी में चारों दिशाओं के औद्योगिक क्षेत्र से भारी वाहनों का प्रवेश मुख्य सड़क पर होता है। जमशेदपुर, राउरकेला, चाईबासा और रांची से गाड़ियां खूंटी को मुख्य सड़क से प्रवेश कर गुजरतीं हैं। मुख्य सड़क पर वाहनों की भारी बोझ के कारण स्थिति भयावह हो जाती है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इस कारण खूंटी बाईपास का निर्माण यथाशीघ्र कराया जाए।

********************

और अब अखबारों की सुर्खिया

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने राज्य के गरीबों को मुफत में बालू देने की घोषणा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने लिखा है – मनु ने बढ़ाया मान, एक ओलम्पिक में दोहरा पदक रचा इतिहास।

हिन्दुस्तान लिखता है– हावड़ा मुम्बई मेल बेपटरी, दो मरे।

दैनिक भास्कर ने हाईकोर्ट का सरकार को आदेश– जिस व्यक्ति का घर तोड़ा उसे बनाए और पीड़ित को पांच लाख रूपये का मुआवजा दें की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने केरल के वायनाड में भुस्खलन से चार गांव तबाह, एक सौ तेईस की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने मनु के पेरिस ओलम्पिक में ऐतिहासिक पदक जीतने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********************